# प्रेस नोट– जनपद मुजफ्फरनगर
## दिनांक– 17.06.2025

- **थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए 05 लूटेरे अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

  दिनांक 17.06.2025 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री राजकुमार बालियान मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 301/25 धारा 309(4) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. ऋतिक पुत्र सुरेन्द्र निवासी अलमासपुर थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर, 2. वंश पुत्र राकेश निवासी इन्द्रप्रस्थ कालोनी रेशू विहार फाटक थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर, 3. सागर पुत्र नरेन्द्र निवासी अलमासपुर थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर, 4. आर्यन पुत्र नानू निवासी अलमासपुर थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर व 5. कार्तिक पुत्र राकेश निवासी बिलासपुर थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर को एटूजेड से सहावली जाने वाले रास्ते पर खाली पडे कलेशर(कोल्हू) से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से लूटा गया मोबाईल फोन, 800 रूपये व घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साईकिल बरामद की गयी। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध मे ंथाना नई मण्डी पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना भौराकलां पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 17.06.2025 को थाना भौराकलां पर नियुक्त उ0नि0 श्री शिव सिंह नागर मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 59/2025 धारा 109(1),115(2),118(1),3(5) बीएनएस में वांछित अभियुक्त आवेश पुत्र शाहिद निवासी ग्राम हरसौली थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर को मन्दिर के पास नदी के पुल ग्राम शिकारपुर से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 17.06.2025 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री मोहित चौधरी मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 283/9/16 धारा 60 आबकारी अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त शाहरूख पुत्र तसव्वर निवासी रामपुरी थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 17.06.2025 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री मोहित चौधरी मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 1509/09/04 धारा 25 आयुध अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त मुस्तकीम पुत्र अब्दुल अजीज निवासी ग्राम शेरपुर थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 17.06.2025 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री मोहित चौधरी मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 399/24 धारा 318(2),338,336(3),340(2),61(2),317(5),111,336(1) बीएनएस में वांछित अभियुक्त दीपक कुमार बाल्मिकी पुत्र नैन सिंह निवासी यूपी ग्रामीण बैंक वाली गली अलमासपुर थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया गया।

- **थाना रामराज पुलिस द्वारा झपटमारी की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 17.06.2025 को थाना रामराज पर नियुक्त उ0नि0 श्री दिनेश कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 31/25 धारा 304(2),317(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त मुजम्मिल पुत्र असलम निवासी ग्राम कम्हेडा थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर को अलमासपुर नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 टीवीएम मशीन, टिकट रोल व 800 रूप्ये बरामद किये गये। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रामराज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार–**
  दिनांक 17.06.2025 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री नरेन्द्र कुमार मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त जितेन्द्र कुमार पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी ग्राम कुटबा थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर को 01 अवैध चाकू के साथ नहर पटरी ग्राम कुटबा से से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 178/25 धारा 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना रतनपुरी पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 17.06.2025 को थाना रतनपुरी पर नियुक्त उ0नि0 श्री पौरूष सिरोही मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 125/25 धारा 115(2),352,3561(3) बीएनएस में वांछित अभियुक्त जोशी पुत्र राजू निवासी ग्राम फुलत थाना रतनपुरी, मुजफ्फरनगर को समौली वाले कच्चे चकरोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रतनपुरी पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में धारा 3/25 आयुध अधिनियम की वृद्धि कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।